# संचालनालय, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी , सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), छत्तीसगढ, रायपुर

## बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. /बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम सत्र 2017–18 में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्यक्रम

## –:: काउंसिलिंग सूचना ::–

**काउंसिलिंग स्थल :– शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)**

बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस./बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम,सत्र 2017–18 में भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (आयुष) विभाग नई दिल्ली/राज्य सरकार से प्राप्त अनुमति तथा संबंधित विश्वविद्यालय की सम्बद्धता/ अनुमति के आधार पर आयुष महाविद्यालयों की सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसिलिंग आयोजित है । प्रवेश के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2017 में सम्मिलित **छत्तीसगढ़ के मूल निवासी** प्रवेशार्थियों को श्रेणी/संवर्गवार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है, ऐसे उम्मीदवार जिनका प्रकाशित मेरिट सूची में प्राप्तांक श्रेणी/संवर्गवार निम्नानुसार है वे इस सूचना के आधार पर काउंसिलिंग में अवसर (चान्स)लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं :–

**समय सारिणी**

| दिनांक | श्रेणी/संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | प्रवेश परीक्षा के कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 12.10.2017 (गुरूवार) | अनारक्षित | | |
| | (निल) | प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक | 114.654 से 80.011 तक |
| | ( सैनिक) | ——'' —— | 96.174 से 80.610 तक |
| | (एफ.एफ.) | ——'' —— | 95.310 |
| | (विकलांग) | ——'' —— | 94.667 |
| 13.10.2017 (शुकवार) | अजजा | | |
| | (निल) | प्रातः 08.30 से 11.00 बजे तक | 90.882 से 60.020 तक |
| | ( सैनिक) | ——'' —— | — |
| | (एफ.एफ.) | ——'' —— | 67.971 से 61.005 तक |
| | (विकलांग) | ——'' —— | 65.096 |
| 14.10.2017 (शनिवार) | अजा (निल) | प्रातः 8.30 से 10.30 बजे तक | 106.707 से 67.020 तक |
| | अपिव (निल) | प्रातः 10.30 से 12.30 बजे तक | 113.700 से 73.016 तक |

**सभी उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उक्त निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें ,ऐसा न करने पर वे प्रवेश का अवसर खो देंगे :–**

1. व्यापमं **प्रवेश परीक्षा–2017** की अंकसूची ।
2. **10 वीं एवं 12 वीं** की मूल अंकसूची एवं प्रमाण–पत्र ।
3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त **मूल निवासी प्रमाण–पत्र** ।

4. एस.सी. ,एस.टी. एवं ओ.बी.सी. संवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र।

5. सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार प्रदत्त **आय प्रमाण–पत्र** । (केवल ओ.बी.सी. के लिए )

6. **सैनिक संवर्ग** के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र ।

7. **स्वतंत्रता संग्राम सेनानी** संवर्ग के लिए जिला कलेक्टोरेट में रखे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में उनका नाम पंजीकृत है , इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र एक मात्र मान्य/वैध प्रमाण–पत्र होगा ।

8. अभ्यार्थियों को चिकित्सकीय उपयुक्तता सिद्ध करने के लिये प्रवेश प्राप्त करने के पूर्व **सिविल सर्जन द्वारा प्रदत्त चिकित्सकीय उपयुक्तता प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. **विकलांग संवर्ग** में प्रवेश का लाभ प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के **संभागीय मेडिकल बोर्ड** द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

10. उपरोक्त दस्तावेजों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट एवं दो पासपोर्ट साईज **फोटो** भी साथ लावें।

11. निम्नानुसार **काउंसिलिंग शुल्क /शैक्षणिक शुल्क** नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जमा करना होगा, जो वापसी योग्य नहीं है :–
काउंसिलिंग शुल्क अनारक्षित/अ.पि.व.के लिए **रू.500/–** तथा अनु.जाति/अनु.जनजाति के लिये **रू. 300/–** निर्धारित है ।

11. **शैक्षणिक शुल्क :–**

(1) काउंसिलिंग के समय **काउंसिलिंग शुल्क /शैक्षणिक शुल्क** की राशि **नगद अथवा बैंक डाफ्ट /बैंकर्स चेक** के रूप मे जमा करना अनिवार्य होगा ,जो **''प्राचार्य, शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग )''** या **"Principal, Government Autonomous Ayurvedic College, Raipur (C.G.)"** के नाम पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बना हो, एकाउंटपेयी हो तथा रायपुर में देय हो।

(2) काउंसिलिंग के समय **शासकीय** आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर/बिलासपुर का शुल्क – सामान्य / ओ.बी.सी.के लिए **रू 8,635/–** तथा अनुसूचित जाति /जनजाति के लिए **रू. 3,235/– तत्काल जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा अभ्यर्थी चयन का अवसर खो देगा।**

(3) काउंसिलिंग के समय प्रदेश के **निजी क्षेत्र** के भारती आयुर्वेद महाविद्यालय, दुर्ग/छत्तीसगढ़ आयुर्वेद महाविद्यालय, मनकी राजनांदगांव के **शुल्क** का 50 प्रतिशत **रू. 55,620/–** राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय चंदखुरी दुर्ग के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 56620/–** तथा महावीर कालेज आफ आयुर्वेदिक साइन्स राजनांदगांव के शुल्क का निर्धारण प्रकियागत है, निर्धारित होने वाले शुल्क की 50 प्रतिशत राशि शैक्षणिक सत्र 2017–18 हेतु **तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अभ्यर्थी चयन का अवसर खो देगा।**

(4) काउंसिलिंग के समय प्रदेश के **निजी क्षेत्र** के छदामी लाल चौकसे मेमो. होम्योपैथी चिकि. महाविद्यालय बिलासपुर के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 28,140/–** , रायपुर होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 27,640/–**, महाराणा प्रताप होम्यापैथी मेडि.कालेज, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 27,140/–**, प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय, नगपुरा, दुर्ग के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 27,640/–** तथा मोहसीने मिल्लत यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के शुल्क का 50 प्रतिशत **रू. 29,400/– तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अभ्यर्थी चयन का अवसर खो देगा।**

(5) शुल्क की शेष राशि अभ्यर्थी को प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

नोट :– (1) यदि कोई सेमेस्टर एक वर्ष छः माह का है तो अभ्यर्थी से अनुपातिक एक वर्ष छः माह का शुल्क लिया जावेगा ।

(2) सीटों का विस्तृत विवरण काउंसिलिंग स्थल पर काउंसिलिंग के समय चस्पा किया जावेगा।

(3) **काउंसिलिंग के दौरान उन्हीं महाविद्यालयों की सीटों पर आबंटन किया जाएगा, जिन्हें भारत सरकार/ राज्य शासन से अनुमति तथा संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता/निरंतरता प्राप्त होगी।**

संचालक
आयुर्वेद,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

adv 1st 2016_17/10